अस्सलामु अलैकुम / नमस्कार साथियों!

सबसे पहले तो हमारी शुभकामना कि आप सब स्वस्थ रहें! खुश रहें!

दोस्तों, हम सब जानते हैं, कोरोना महामारी बड़ी विपत्ति के तौर पर हमारे सामने है। इसकी वजह से पूरी दुनिया में कई तरह के संकट खड़े हो गए हैं। लोग अपने घरों में क़ैद रहने को मजबूर हैं। सारा कारोबार थम-सा गया है।

सरकार और समाज इस संकट से उबरने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। बावजूद इसके उपहार हिमायत ऑल रिलिजन फाउंडेशन अपनी सामाजिक और मानवीय भूमिका से ख़ुद को अलग नहीं रख सकता। अपने छोटे और सीमित संसाधनों के बीच उपहार हिमायत ऑल रिलिजन फाउंडेशन मदद का हाथ बढ़ाने को तैयार है।

हमारे जो भी सदस्य कोरोना महामारी की वजह से संकट में आ फंसे हैं, स्वास्थ्य या किसी अन्य प्रकार की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, वे उपहार हिमायत ऑल रिलिजन फाउंडेशन के ईमेल आईडी uphaar.india.gov@gmail.com पर अपने संक्षिप्त परिचय के साथ अपनी समस्या बयान करें। साथ में अपना मोबाइल नंबर और अपने बैंक अकाउंट की जानकारी भी भेजें। उपहार हिमायत ऑल रिलिजन फाउंडेशन यथासंभव और यथाशीघ्र आप तक मदद पहुंचाने या उबरने का रास्ता सुझाने की कोशिश करेगा।

इसके अलावा, उपहार हिमायत ऑल रिलिजन फाउंडेशन उन सदस्यों को तुरंत 3000/- (तीन हज़ार रुपये) की मदद करेगा, जो दुर्भाग्यवश कोरोना पॉज़िटिव पाए जाते हैं।

तो सतर्क रहिये, जागरूक रहिये, घर मे रहिये और इस महामारी से बचने के हर संभव उपाय करते रहिये।

निवेदक,

रेहान खान
(राष्ट्रिय महासचिव)
उपहार हिमायत ऑल रिलिजन फाउंडेशन, भारत.